खेल विभाग
24 MAR 2026
बिहार, पटना

पत्रांक–5/ए० 1–05/2025..1239

बिहार सरकार

खेल विभाग

प्रेषक,

सिद्धांत कुमार,
अवर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 24.3/2026

विषय– खेल विभाग से संबंधित एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्रों के खिलाड़ियों के चयन ट्रालय हेतु समाचार पत्रों में प्रसारित करने के संबंध में।

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि खेल विभाग से संबंधित योजना मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु खिलाड़ियों के चयन ट्रायल के माध्यम खेल विधावार विभिन्न स्थलों पर तिथिवार जिलों में आयोजित कराया जा रहा है, जिसे समाचार पत्रों में प्रसारित करने की आवश्यकता है।

अतः उक्त खेल विधावार चयन ट्रायल का सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि विभिन्न समाचार पत्रों में प्रसारित करवाने की कृपा की जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

24.03.26
(सिद्धांत कुमार)
अवर सचिव।

43 AS LT. 2026-27

<u>आवश्यक सूचना</u>

मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु खिलाड़ियों के चयन ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। चयन ट्रायल राज्य के 29 जिलों में स्थित 84 केन्द्रों पर 17 विभिन्न खेल विधाओं में आयोजित किए जा रहे है। चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क वैज्ञानिक खेल प्रशिक्षण, आवासन, पौष्टिक भोजन, शिक्षा, मासिक छात्रवृत्ति, खेल किट एवं उपकरण की सुविधा प्रदान की जायेगी।

इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की आयु 12 से 14 वर्ष (जन्म तिथि 01.01.2012 से 01.01.2014 के बीच) होनी चाहिए। अधिकारिक राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता अथवा पदक प्राप्त खिलाड़ियों को अधिकतम दो (02) वर्ष की आयु में छूट प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए निम्न दस्तावेज लाना अनिवार्य हैं:–

(01) आधार कार्ड
(02) जन्म प्रमाण पत्र
(03) पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
(04) विद्यालय प्रमाण पत्र
(05) खेल प्रमाण पत्र एवं
(06) बिहार का निवास प्रमाण पत्र।

सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि चयन ट्रायल से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम, तिथि, स्थान एवं अन्य आवश्यक जानकारी हेतु निम्नलिखित लिंक या क्यू आर कोड (QR Code) का अवलोकन किया जा सकता है।

<u>https://biharsports.org/pdf/notices/Eklavya.pdf</u>

कार्यकारी निदेशक,
बिहार राज्य खेल प्राधिकरण।